दिनांक–07.06.2024 समय–7.10एएम

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–

- कार्यवाहक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया, कल होगा शपथ ग्रहण समारोह।
- सीहोर के आष्टा में 60 हजार करोड़ के निवेश से शुरू होगी देश की सबसे बड़ी एथेन क्रैकर परियोजना, सरकार ने दी मंजूरी।
- मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने लोकसभा चुनाव के दौरान बेहतर कार्य के लिए रिटर्निंग अधिकारियों और जिला निर्वाचन अधिकारियों का आभार जताया।
- प्रदेश के भोपाल सहित 37 जिलों में आज आंधी-बारिश का अलर्ट, अन्य इलाकों में जारी रहेगा भीषण गर्मी का दौर।

अब समाचार विस्तार से:–

**प्रधानमंत्री- राष्ट्रपति**

कार्यवाहक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। शपथ ग्रहण समारोह रविवार शाम को राष्ट्रपति भवन में आयोजित किया जाएगा।

इससे पहले, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में एनडीए के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी राष्ट्रपति से मुलाकात की और एक पत्र सौंपा जिसमें कहा गया कि नरेंद्र मोदी को भाजपा संसदीय दल का नेता चुना गया है। एनडीए के घटक दलों की ओर से समर्थन पत्र भी राष्ट्रपति को सौंपा गया।

इससे पहले कल एनडीए संसदीय दल ने सर्वसम्मति से नरेन्द्र मोदी को पार्टी का नेता चुना। राष्ट्रपति भवन के बाहर श्री मोदी ने कहा कि एनडीए एक मजबूत, स्थिर और विकासोन्मुख सरकार बनाएगी।

**बाइट-नरेंद्र मोदी**

**एथेन क्रैकर परियोजना**

सीहोर जिले की आष्टा तहसील में लगभग रू 60 हजार करोड़ के निवेश से देश की सबसे बड़ी एथेन क्रैकर परियोजना निर्मित की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल गेल (इंडिया) लिमिटेड की इस परियोजना को स्वीकृति मंजूरी दी। इस परियोजना में ग्रीन फील्ड पेट्रोकेमिकल परिसर भी प्रस्तावित है। इसके अंतर्गत एलएलडीपीई, एचडीपीई, एमईजी और प्रोपेलीन जैसे पेट्रोकेमिकल्स का उत्पादन होगा। इस परियोजना से निर्माण अवधि के दौरान 15 हजार व्यक्तियों तथा संचालन अवधि के दौरान लगभग 5 हजार 600 व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। परियोजना में 70 हेक्टेयर की टाउनशिप भी प्रस्तावित है। परियोजना का भूमिपूजन आगामी फरवरी तक तथा वाणिज्यिक उत्पादन वित्त वर्ष 2030-31 में प्रारंभ होने की संभावना है।

इस सम्बन्ध में नईदिल्ली स्थित मध्य प्रदेश भवन में कल हुई एक बैठक में मध्यप्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम के प्रबंध संचालक चंद्रमौली शुक्ला और गेल (इंडिया) लिमिटेड के निदेशक आर.के. सिंघल भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने परियोजना के लिए आवश्यक भूमि आवंटन की कार्यवाही शीघ्र के निर्देश दिए।

**जल गंगा संवर्धन अभियान**

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मुरैना ज़िले से लेकर बालाघाट तक तथा अलीराजपुर ज़िले से लेकर सिंगरौली तक नदियों एवं तालाबों में जीर्णोद्धार, गहरीकरण और

मरम्मत का कार्य सघन रूप से किया जा रहा है। पर्यावरण दिवस पर शुरू किए गए जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रदेश भर में जल-स्रोतों के संरक्षण और साफ-सफाई के साथ-साथ व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किया जा रहा है। प्रदेश में 16 जून तक संचालित किये जा रहे इस विशेष अभियान के अंतर्गत 3 हजार 90 करोड़ लागत के जल संरक्षण के 990 कार्य आरंभ होगे। प्रत्येक जिले, विकासखंड और पंचायत स्तर पर जल संरचनाओं की मरम्मत, पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण के लिए जनभागीदारी से गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम विभाग मंत्री  प्रहलाद पटेल द्वारा रायसेन जिले की बेगमगंज जनपद अंतर्गत धसान नदी के उद्गम स्थल जसरधी टोरिया पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग मंत्री इंदर सिंह परमार के नेतृत्व में कल शाजापुर जिले की ग्राम पंचायत अख्तयारपुर में प्राचीन बावड़ी की पूजा कर उसकी साफ-सफाई एवं गहरीकरण का कार्य प्रारम्भ किया गया। बालाघाट में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नलकूपों के जल स्तर बढ़ाने के लिए कार्ययोजना बनाई गई है। यहाँ चांगोटोला में बने 120 वर्ष पुराने तालाब के सौंदर्यीकरण का कार्य भी प्रारम्भ किया गया है। नीमच जिले की सभी 243 ग्राम पंचायतों में 434 कुओं, 20 बावडियों एवं 278 हेण्डपम्पों की सफाई की गई।

**एमपी पीएससी रिजल्**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग-एमपी पीएससी ने कल राज्य सेवा परीक्षा 2022 -मेन्स का परिणाम घोषित कर दिया है। साक्षात्कार के लिए कुल 1 हजार 286 उम्मीदवारों का चयन किया गया है। साक्षात्कार की तारीख बाद में घोषित की जाएगी। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 457 पदों को भरने के लिए एमपीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा 2022 का आयोजन 21 मई, 2023 को दो पालियों में किया गया था। प्रारंभिक परीक्षा में सफल कुल 10 हजार 351 उम्मीदवारों  मेंस परीक्षा में बैठने का मौका मिला। इसके बाद इस साल जनवरी में 8 से 13 तारीख तक मेन्स आयोजन हुआ था।

**मुख्य निर्वाचन आयुक्त पत्र**

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने लोकसभा चुनाव के दौरान अपनी जिम्मेदारियों का तत्परता और सटीकता से निर्वहन करने के लिए सभी रिटर्निंग अधिकारियों और जिला निर्वाचन अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने न केवल चुनाव आयोग का विश्वास बरकरार रखा है, बल्कि संस्थागत प्रतिष्ठा भी बढ़ाई है। सभी जिला मजिस्ट्रेटों, उपायुक्तों, रिटर्निंग अधिकारियों और जिला चुनाव अधिकारियों को लिखे एक पत्र में, श्री कुमार ने उनसे चुनौतियों, प्रतिक्रियाओं और सफलता की कहानियों का दस्तावेजीकरण करने का आग्रह किया।

**मौसम**

प्रदेश में इन दिनों कुछ हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ रही है तो कुछ हिस्सों में प्री मानसून की गतिविधियां शुरू हो गई हैं। इस के चलते कल कई जिलों का मौसम बदला। इंदौर, रतलाम, धार, छिंदवाड़ा, कटनी और विदिशा में बारिश हुई। रतलाम में तेज बारिश के साथ ओले भी गिरे। वहीं, सिवनी जिले में आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। इधर, खरगोन में तेज आंधी से एक कच्चा मकान गिर गया, जिससे कुछ लोग घायल हो गये ।

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान भोपाल सहित 37 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, ग्वालियर, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, रीवा, मऊगंज और

सीधी में दोपहर तक तेज गर्मी और शाम को आंधी चल सकती है। प्रदेश में कल सबसे अधिक तापमान 46 डिग्री सेल्सियस छतरपुर में दर्ज किया गया।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- रीवा जिले में नगर परिषद डभौरा में पंचायतकालीन कर्मियों का नियम विरूद्ध संविलियन करने के मामले में चार ग्राम पंचायत सचिव दोषी पाए गए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने चारों सचिवों को निलंबित करने के आदेश दिए हैं।
- केंद्रीय जेल जबलपुर में जेल प्रशासन द्वारा पांच एवं कटनी जेल में एक प्रहरी को बर्खास्त कर दिया गया है। इन्हें जेल में कैदियों को नशीली सामग्रियां पहुंचाने का दोषी पाया गया है।
- मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर द्वारा राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर 23 जून को आयोजित की जाएगी।
- खण्डवा में वॉट्सअप, फेसबुक, इंस्टाग्राम यूजर व सोशल मीडिया के अन्य साधनों से आपत्तिजनक पोस्ट करने एवं धार्मिक भावनाएं भड़काने वालों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।
- इंदौर में मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत विभिन्न खाद्य कारोबारियों पर 16 लाख 80 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया है.
- इन्दौर में जिला रोजगार कार्यालय 14 जून को एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया है।
- शिवपुरी जिले में लोकसभा चुनाव में 75 प्रतिशत से अधिक मतदान वाले मतदान केन्द्रों के बीएलओ को मानस भवन सम्मानित किया गया।

- डिंडोरी जिले में आज जनपद पंचायत स्तर पर रेवा हैल्थ कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप जिला चिकित्सालय डिंडौरी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शहपुरा, अमरपुर, बजाग, मेंहदवानी, समनापुर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरगांव में प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होंगे।
- अशोक नगर जिले में 258 आंगनबाड़ी केंद्रों को सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र में अपग्रेड किया जा रहा है।
- राजगढ़ में अतिवृष्टि एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिये पूर्व तैयारियों की समीक्षा बैठक 10 जून को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी।

———————————————

**न्यूज फॉर हिन्दी वैब -**

**जल गंगा संवर्धन अभियान (1)**

**जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मुरैना ज़िले से लेकर बालाघा तक तथा अलीराजपुर ज़िले से लेकर सिंगरौली तक नदियों एवं तालाबों में जीर्णोद्धार, गहरीकरण और मरम्मत का कार्य सघन रूप से किया जा रहा है। पर्यावरण दिवस पर शुरू किए गए जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रदेश भर में जल-स्रोतों के संरक्षण और साफ-सफाई के साथ-साथ व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किया जा रहा है। प्रदेश में 16 जून तक संचालित**

किये जा रहे इस विशेष अभियान के अंतर्गत 3 हजार 90 करोड़ लागत के जल संरक्षण के 990 कार्य आरंभ होगे। प्रत्येक जिले, विकासखंड और पंचायत स्तर पर जल संरचनाओं की मरम्मत, पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण के लिए जनभागीदारी से गतिविधियां संचालित की जाएंगी।
पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम विभाग मंत्री  प्रहलाद प□ल द्वारा रायसेन जिले की बेगमगंज जनपद अंतर्गत धसान नदी के उद्गम स्थल जसरधी □ोरिया पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।
उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग मंत्री इंदर सिंह परमार के नेतृत्व में कल शाजापुर जिले की ग्राम पंचायत अख्तयारपुर में प्राचीन बावड़ी की पूजा कर उसकी साफ-सफाई एवं गहरीकरण का कार्य प्रारम्भ किया गया। बालाघा□ में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नलकूपों के जल स्तर बढ़ाने के लिए कार्ययोजना बनाई गई है। यहाँ चांगो□ोला में बने 120 वर्ष पुराने तालाब के सौंदर्यीकरण का कार्य भी प्रारम्भ किया गया है। नीमच जिले की सभी 243 ग्राम पंचायतों में 434 कुओं, 20 बावडियों एवं 278 हेण्डपम्पों की सफाई की गई।

एमपी पीएससी रिजल□(2)
मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग-एमपी पीएससी ने कल राज्य सेवा परीक्षा 2022 -मेन्स का परिणाम घोषित कर दिया है। साक्षात्कार के लिए कुल 1 हजार 286 उम्मीदवारों का चयन किया गया है। साक्षात्कार की तारीख बाद में घोषित की जाएगी। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 457 पदों को भरने के लिए एमपीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा 2022 का आयोजन 21 मई, 2023 को दो पालियों में किया गया था। प्रारंभिक परीक्षा में सफल कुल 10 हजार 351 उम्मीदवारों  मेंस परीक्षा में बैठने का मौका मिला। इसके बाद इस साल जनवरी में 8 से 13 तारीख तक मेन्स आयोजन हुआ था।

मौसम (3)
प्रदेश में इन दिनों कुछ हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ रही है तो कुछ हिस्सों में प्री मानसून की गतिविधियां शुरू हो गई हैं। इस के चलते कल कई जिलों का मौसम बदला। इंदौर, रतलाम, धार, छिंदवाड़ा, क□नी और विदिशा

**में बारिश हुई। रतलाम में तेज बारिश के साथ ओले भी गिरे। वहीं, सिवनी जिले में आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। इधर, खरगोन में तेज आंधी से एक कच्चा मकान गिर गया, जिससे कुछ लोग घायल हो गये ।**

**मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान भोपाल सहित 37 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, ग्वालियर, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, रीवा, मऊगंज और सीधी में दोपहर तक तेज गर्मी और शाम को आंधी चल सकती है। प्रदेश में कल सबसे अधिक तापमान 46 डिग्री सेल्सियस छतरपुर में दर्ज किया गया।**

**-----------------------**